समाचार

# जलजनित बीमारियों की रोकथाम हेतु जनजागरूकता जरूरी–महापौर

## (कीट व जलजनित रोगों के नियंत्रण व रोकथाम हेतु नगरीय निकाय जनप्रतिनिधियों की संवेदीकरण कार्यशाला सम्पन्न)




कोरबा 08 जुलाई 2020 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज कहा कि कीट व जलजनित बीमारियों के नियंत्रण व रोकथाम के लिए जनजागरूकता अत्यंत आवश्यक है, उन्होने कहा कि यह जरूरी है कि आमलोगों तक यह संदेश पहुंचाया जाए कि कीट व जलजनित बीमारियां कैसे पैदा होती हैं तथा इनसे बचने के लिए हमें क्या एहतियाती कदम उठाना चाहिए। इस संदर्भ में आयोजित यह संवेदीकरण कार्यशाला निश्चित रूप से एक सराहनीय प्रयास है, प्रशंसनीय कदम है।

उक्ताशय के विचार महापौर श्री प्रसाद ने नगरीय निकाय जनप्रतिनिधियों की आयोजित एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला के दौरान व्यक्त किए। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा नगरीय प्रशासन व विकास विभाग के संयुक्त  तत्वाधान में आज पुराना बस स्टैण्ड कोरबा स्थित गीतांजलि भवन सभागार में कीट एवं जलजनित रोगों के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु नगरीय निकाय जनप्रतिनिधियों की एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए कार्यशाला का शुभारंभ कराया, इस मौके पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव व उपसभापति श्री सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, मेयर इन कांउसिल सदस्य श्री संतोष राठौर, अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा विशिष्ट रूप से उपस्थित थे। महापौर श्री प्रसाद ने इस मौके पर दिए गए अपने उद्बोधन में आगे कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल द्वारा क्षेत्र की समस्याओं पर सतत नजर रखी जा रही है, समस्याएं चाहे विकास से संबंधित हों या शिक्षा व स्वास्थ्य से संबंधित, सभी पर लगातार उनका मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है, इसके साथ ही शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इस दिशा में भी निगम लगातार काम कर रहा है। उन्होने कहा कि कोरोना संकट के इस समय में जिला प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर नगर निगम कोरबा ने जिस इच्छाशक्ति व निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया है, ठीक उसी प्रकार कीट व जलजनित एवं संक्रामक बीमारियों की रोकथाम व नियंत्रण के लिए भी नगर निगम काम करेगा। उन्होने कहा कि कोरोना काल में निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने दोगुनी क्षमता से काम करते हुए प्रतिदिन 16 से 18 घंटे काम

किया, परिणाम स्वरूप हम इस संकट से निपटने में लगातार कामयाब हो रहे हैं। उन्होने कहा कि जलजनित एवं अन्य संक्रामक बीमारियों की रोकथाम हेतु निगम के समस्त जनप्रतिनिधिगण व अधिकारी कर्मचारी जनजागरूकता लाने का कार्य करेंगे तथा हम इनकी रोकथाम में सफल होंगे।

**जनजागरूकता से करेंगे बीमारियों की रोकथाम**– इस मौके पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि निश्चित रूप से आमजन में जागरूकता लाकर हम कीट व जलजनित बीमारियों की रोकथाम का कार्य करेंगे। उन्होने कहा कि हमारा घर तथा घर के आसपास का स्थान साफ–सुथरा होगा तो हम और हमारा शरीर स्वस्थ रहेगा, हमें स्वच्छता पर लगातार ध्यान देना होगा। सभापति ने कहा कि निश्चित रूप से कोरबा शहर की सफाई व्यवस्था अत्यंत सुव्यवस्थित है, स्वच्छता अधिकारी कर्मचारी इस पर लगातार काम कर रहे हैं, इसके साथ–साथ हमें आमजन को भी जागरूक करना होगा। इस मौके पर उपसभापति श्री सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने कहा कि मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के मार्गदर्शन में नगर निगम कोरबा कोरोना संकट से निपटने के साथ–साथ डेगू, मलेरिया व अन्य संक्रामक बीमारियों से निपटने की दिशा में भी लगातार कार्य कर रहा है, हम जनप्रतिनिधियों का भी यह प्रथम कर्तव्य है कि हम अपने वार्ड के लोगों को इस दिशा में लगातार जागरूक करें। इस मौके पर मेयर इन काउंसिल सदस्य श्री संतोष राठौर ने कहा कि वर्षा ऋतु प्रारंभ होने के साथ ही संक्रामक बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है, इन बीमारियों से बचने के लिए आवश्यक है कि हम सभी आवश्यक एहतियाती कदम उठाएं, स्वच्छता के प्रति जागरूक रहें तथा अपने–अपने वार्ड में लोगों के घर–घर तक बीमारियों से बचने के उपायों की जानकारी पहुंचाएं। इस अवसर पर अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा ने कहा कि जलजनित व संक्रामक रोगों से बचने के लिए जरूरी है कि हम पानी का ठहराव न होने दें, पानी की समुचित निकासी सुनिश्चित रहे, घरों में कूलर आदि के पानी प्रतिदिन बदले, घरों के आसपास गड्‌ढों में पानी जमा न होने दें, आसपास की स्वच्छता पर ध्यान दें ताकि मच्छर पैदा न हों, उन्होने कहा कि नगर निगम प्रशासन इस दिशा में पूरी सजगता के साथ कार्य कर रहा है। कार्यशाला के दौरान डॉ.दीपक राज, सिटी प्रोग्राम आफिसर अशोक सिंह तथा अन्य विशेषज्ञों ने कीट व जलजनित बीमारियों के होने के कारणों तथा इनसे बचने के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, उपसभापति श्री सुरेन्द्रप्रताप जायसवाल, मेयर इन काउंसिल सदस्य श्री संतोष राठौर, अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, डॉ.दीपक राज व अशोक सिंह के साथ–साथ पार्षद रवि चंदेल, धनश्री साहू, धनसायं साहू, रूप सिंह, संतोष लांझेकर, राजेन्द्र सूर्यवंशी एवं अन्य पार्षदगण, पूर्व पार्षद मनकराम साहू, जोन कमिश्नर एम.के.वर्मा, ए.के.शर्मा, आर.के.चौबे, आर.के.भोजासिया, एम. एन.सरकार, भूषण उरांव, स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के.सारस्वत, डॉ.संजय तिवारी, निगम सचिव पवन वर्मा आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।